# अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के अनुसार
# अप्रेन्टिस प्रशिक्षार्थियों का नियोजन

एचपीसीएल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी), भारत सरकार के अधीन भारत सरकार का एक उद्यम है। यह रिफाइनिंग, भंडारण, वितरण तथा अपने विशाल विपणन तंत्र के माध्यम से कार्यरत है, जिसमें आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, टर्मिनल, पाइपलाइन नेटवर्क, एविएशन सर्विस स्टेशन, एलपीजी बॉटदिवलिंग संयंत्र एवं इनलैंड रीले डिपो आदि पूरे भारत में फैले हुए हैं।

**एचपीसीएल का विपणन प्रभाग भारत भर के लोकेशनों में अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के प्रावधानों एवं नियमों के अनुसार ट्रेड अप्रेन्टिस प्रशिक्षार्थियों व कौशल प्रमाण-पत्र धारकों को नियोजित करने का प्रस्ताव करता है।**

## अप्रेन्टिसों का नियोजन

### 1. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| ऑनलाइन आवेदनों का प्रारम्भ : | ऑनलाइन आवेदनों की अंतिम तिथि*: |
|---|---|
| **24-01-2022** | **30-01-2022** |

**ऑनलाइन आवेदनों की अंतिम तिथि में प्रबंधन के निर्णय के अनुसार परिवर्तन हो सकता है।*

### 2. प्रशिक्षण पद विवरण एवं योग्यता मानदंड

अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के तहत निम्नलिखित योग्यता एवं अन्य प्राचलों की पूर्ति करने वाले उम्मीदवारों से निम्नवर्णित ट्रेड के लिए प्रशिक्षार्थियों के तौर पर कार्य हेतु लिए प्रावधानित संख्या में, संबंधित सेवाओं के लिए निर्धारित आरक्षण प्रतिशत सहित, आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

सुनील अजय

क.  <u>प्रावधानित प्रशिक्षण पदों की संख्या</u>

I.  <u>निर्धारित ट्रेड</u>

| राज्य | ट्रेड | कुल | अजा | अज जा | अपिव-एनसी | अनारक्षित | पीडब्ल्यूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | सीओपीए | ३ | ० | ० | २ | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | १२ | २ | १ | २ | ७ | ० |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| असम | इलेक्ट्रिशियन | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| चंडीगढ़ | सीओपीए | ५ | ० | ० | १ | ३ | १ |
| छत्तीसगढ | इलेक्ट्रिशियन | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| दादरा और नगर हवेली | सीओपीए | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| दिल्ली | सीओपीए | ४ | १ | ० | १ | २ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | २ | ० | ० | १ | १ | ० |
| गुजरात | सीओपीए | ३ | ० | १ | १ | ० | १ |
| | इलेक्ट्रिशियन | ६ | ० | ० | २ | ४ | ० |
| हरियाणा | सीओपीए | २ | ० | ० | १ | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ३ | १ | ० | ० | २ | ० |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक | ३ | ० | ० | १ | २ | ० |
| जम्मू और कश्मीर | सीओपीए | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ३ | ० | ० | १ | २ | ० |
| झारखंड | इलेक्ट्रिशियन | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| कर्नाटक | इलेक्ट्रिशियन | ८ | २ | ० | ३ | ३ | ० |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक | ५ | ० | ० | १ | ४ | ० |
| केरल | सीओपीए | ४ | ० | ० | १ | ३ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ५ | १ | ० | ० | ४ | ० |
| मध्य प्रदेश | सीओपीए | १ | ० | १ | ० | ० | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ८ | २ | १ | २ | ३ | ० |
| महाराष्ट्र | सीओपीए | २८ | ५ | २ | ८ | १० | ३ |
| | इलेक्ट्रिशियन | ३२ | १ | २ | ७ | २२ | ० |
| | आईसीटीएसएम | २ | ० | ० | ० | २ | ० |
| ओडिशा | इलेक्ट्रिशियन | २ | ० | ० | ० | २ | ० |
| पंजाब | सीओपीए | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | २ | १ | ० | ० | १ | ० |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक | १ | ० | ० | १ | ० | ० |
| राजस्थान | सीओपीए | ४ | ० | १ | २ | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ५ | १ | ० | १ | ३ | ० |
| तमिलनाडू | सीओपीए | २ | १ | ० | ० | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ८ | १ | ० | ३ | ४ | ० |
| तेलंगाना | सीओपीए | ३ | ० | ० | १ | २ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ६ | ० | ० | १ | ५ | ० |
| उत्तर प्रदेश | सीओपीए | ४ | १ | ० | १ | १ | १ |
| | इलेक्ट्रिशियन | १७ | ३ | ० | ४ | १० | ० |
| पश्चिम बंगाल | सीओपीए | २ | ० | ० | १ | १ | ० |
| | इलेक्ट्रिशियन | ४ | १ | ० | ० | ३ | ० |

****वीएच – दृष्टि विकलांग, एचएच – श्रवण विकलांग, ओएच – अस्थि विकलांग**

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. MUMBAI

## II. वैकल्पिक ट्रेड

| राज्य | ट्रेड | कुल | अजा | अजजा | अपिव-एनसी | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | मेकैनिकल फिटर | ६ | १ | ० | १ | ४ |
| छत्तीसगढ | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| दिल्ली | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| गुजरात | मेकैनिकल फिटर | ३ | ० | १ | १ | १ |
| हरियाणा | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| जम्मू और कश्मीर | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| झारखंड | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| कर्नाटक | मेकैनिकल फिटर | ८ | ० | १ | १ | ६ |
| केरल | मेकैनिकल फिटर | ६ | ० | ० | ३ | ३ |
| मध्य प्रदेश | मेकैनिकल फिटर | ७ | ० | १ | १ | ५ |
| महाराष्ट्र | मेकैनिकल फिटर | २४ | १ | २ | ६ | १५ |
| ओडिशा | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| पंजाब | मेकैनिकल फिटर | १ | ० | ० | ० | १ |
| राजस्थान | मेकैनिकल फिटर | ३ | ० | ० | १ | २ |
| तमिलनाडू | मेकैनिकल फिटर | ९ | २ | ० | २ | ५ |
| तेलंगाना | मेकैनिकल फिटर | ३ | ० | ० | १ | २ |
| उत्तर प्रदेश | मेकैनिकल फिटर | १८ | ४ | ० | ५ | ९ |
| पश्चिम बंगाल | मेकैनिकल फिटर | २ | ० | ० | १ | १ |

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

**III. कौशल प्रमाण-पत्र धारक**

| राज्य | ट्रेड | कुल | अजा | अजजा | अपिव-एनसी | अनारक्षित | पीडब्ल्यूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ३ | ० | ० | १ | १ | १ |
| दिल्ली | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ७ | १ | १ | १ | ४ | ० |
| गुजरात | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ४ | १ | ० | ० | ३ | ० |
| कर्नाटक | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | १ | ० | ० | ० | ० | १ |
| केरल | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ३ | ० | ० | ० | ३ | ० |
| मध्य प्रदेश | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | १ | ० | ० | १ | ० | ० |
| महाराष्ट्र | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | २० | ३ | ३ | ७ | ६ | १ |
| राजस्थान | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ३ | १ | ० | ० | २ | ० |
| तमिलनाडू | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | ४ | ० | ० | १ | ३ | ० |
| तेलंगाना | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | १ | ० | ० | ० | १ | ० |
| उत्तर प्रदेश | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | २ | ० | ० | १ | १ | ० |
| पश्चिम बंगाल | डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | १ | ० | ० | ० | १ | ० |

****वीएच – दृष्टि विकलांग, एचएच – श्रवण विकलांग, ओएच – अस्थि विकलांग**

**टिप्पणी:**

- उपरोक्त प्रशिक्षण स्थान केवल इंगितात्मक हैं तथा प्रबंधन को अधिकार है कि वह उल्लिखित ट्रेडों के लिए संख्या की वृद्धि करे अथवा घटाए।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

सुनिल सपाम

**<u>ख. योग्यता मानदंड, प्रशिक्षण अवधि एवं मासिक वजीफा</u>**

<table>
<tr><th>क्र. सं</th><th>ट्रेड</th><th>आयु सीमा</th><th>न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता</th><th>योग्यता मानदंड</th><th>उत्तीर्ण होने का वर्ष</th><th>प्रशिक्षण अवधि</th><th>मासिक वजीफा</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>सीओपीए</td><td rowspan="6">दिनांक 24-01-2022 को न्यूनतम आयु – 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु – 25 वर्ष<br><br>अजा/अजजा के मामले में आयु में 5 वर्षों की छूट। अपिव-एनसी के मामले में 3 वर्ष व पीडब्ल्यूबीडी के मामले में 10 वर्ष।</td><td>10वीं पास एवं पूर्णकालिक आईटीआई (सीओपीए) कोर्स सहित</td><td rowspan="5">सामान्य/ अपिव – एनसी हेतु सभी सेमेस्टर/ वर्षों के दौरान कुल 60% अंक तथा आईटीआई में अजा/ अजजा / पीडब्लयूबीडी (वीएच/ एचएच / ओएच) उम्मीदवारों के लिए 50%</td><td rowspan="5">01-01-2019 के बाद आईटीआई से उत्तीर्ण । 01-01-2019 से पूर्व आईटीआई से उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवार आवेदन के योग्य नहीं होंगे</td><td>12 महीने</td><td rowspan="6">रु. 12000 /-</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>एलेक्ट्रशियन</td><td>10वीं पास एवं पूर्णकालिक आईटीआई (इलेक्ट्रिशयन) कोर्स सहित</td><td>18 महीने</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक</td><td>10वीं पास एवं पूर्णकालिक आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक) कोर्स सहित</td><td>18 महीने</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>आईसीटीए सएम</td><td>10वीं पास एवं पूर्णकालिक आईटीआई (आईसीटीएसएम) कोर्स सहित</td><td>18 महीने</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>मेकेनिकल फिटर</td><td>10वीं पास एवं पूर्णकालिक आईटीआई (मैकेनिकल फिटर) कोर्स सहित</td><td>24 महीने</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर</td><td>12वीं पास व उसके समतुल्य एवं डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का कौशल प्रमाण-पत्र सहित</td><td>12वीं कक्षा में सामान्य/ अपिव – एनसी हेतु सभी सेमेस्टर/ वर्षों के दौरान कुल 60% अंक तथा अजा/ अजजा / पीडब्लयूबीडी (वीएच/ एचएच / ओएच) उम्मीदवारों के लिए 50%</td><td>01-01-2019 के बाद 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण । 01-01-2019 से पूर्व उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवार आवेदन के योग्य नहीं होंगे</td><td>12 महीने</td></tr>
</table>

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. MUMBAI

## योग्यता आवश्यकताएँ:

- केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के योग्य होंगे।
- कक्षा XII/कक्षा X की निर्धारित योग्यता सीबीएसई/आईसीएसई/राज्य बोर्ड जैसे मान्यता प्राप्त बोर्डों से होनी चाहिए।
- आईटीआई कोर्स की निर्धारित योग्यता एनसीवीटी/एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।
- 'डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के तहत कौशल प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन्स फ्रेमवर्क अथवा केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य प्राधिकरण से जारी कम से कम एक वर्ष के प्रशिक्षण का कौशल प्रमाण-पत्र होना चाहिए।
- सामान्य/अपिव-एनसी वर्ग के आईटीआई से उत्तीर्ण उम्मीदवारों 60% अंक, जबकि अजा/अजजा/ पीडब्लयूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच) उम्मदवार 50% कुल अंक प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर सहित उत्तीर्ण होने चाहिए।
- कौशल प्रमाण-पत्र धारक पदों के लिए आवेदन करने वाले सामान्य/अपिव-एनसी वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण उम्मीदवारों के पास कुल 60% अंक होने चाहिए, जबकि 12वीं उत्तीर्ण अथवा समतुल्य में उत्तीर्ण अजा/अजजा/ पीडब्लयूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच) के उम्मीदवारों के पास 50% कुल अंक प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर में होने चाहिए।
- कक्षा XII/कक्षा X/आईटीआई में जहाँ भी सीजीपीए/ओजीपीए अथवा लेटर ग्रेड पुरस्कृत किया जाता हो, इसके समतुल्य अंक प्रतिशत को संबंधित बोर्ड/संस्थान के द्वारा पालित मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से सीजीपीए/ओजीपीए अथवा लेटर ग्रेड के बारे में कुल अंक प्रतिशत के बारे में जारी एक प्रमाण-पत्र दस्तावेजों के सत्यापन के समय में प्रस्तुत करना होगा। जिन मामलों में उपरोक्त प्रतिशत/रूपांतरण नहीं उपलब्ध हो, वहां अंक प्रतिशत की गणना, उम्मीदवार द्वारा सभी सेमेस्टरों/वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त अधिकतम अंकों को जोड़ कर व उसे कुल अंकों से भाग देकर की जाएगी। इस प्रकार से प्राप्त प्रतिशत में अंश को अनदेखा किया जाएगा, जैसे कि - 49.99% को 50% से कम माना जाएगा।
- जो उम्मीदवार 01-01-2019 के बाद आईटीआई से उत्तीर्ण हुए हों, वे आवेदन – योग्य माने जाएंगे। 01-01-2019 के पहले उत्तीर्ण उम्मीदवार अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण के पात्र नहीं होंगे।
- कौशल प्रमाण-पत्र धारक जो उम्मीदवार 01-01-2019 के बाद 12वीं उत्तीर्ण हुए हों, वे आवेदन – योग्य माने जाएंगे। 01-01-2019 के पहले उत्तीर्ण उम्मीदवार अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण के पात्र नहीं होंगे।
- आयु सीमा: **24-01-2022** को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष। आयु में अधिकतम छूट - अजा/अजजा के लिए 5 वर्ष व अपिव/एनसी के लिए 3 वर्ष तथा पीडब्लयूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच) के उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष।
- सरकारी दिशानिर्देश / अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के अनुसार, अजा, अजजा, अपिव-एनसी एवं पीडब्लयूबीडी (निर्धारित अक्षमता वाले व्यक्ति – 40% या उससे अधिक के स्तर की अक्षमता सहित) योग्यता मानदंड, आयु एवं आरक्षण में छूट दी जाएगी।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

सुनिल अग्रवाल

- जो उम्मीदवार पहले से ही अप्रेन्टिस का कार्य कर रहे हैं अथवा अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के तहत किसी दूसरी जगह पर अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण ले रहे हों तथा अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के तहत उनके साथ किसी अन्य संगठन का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर अनुबंध हो, वो आवेदन करने योग्य नहीं होंगे। किसी अन्य संगठन के साथ अप्रेन्टिसशिप अनुबंध के कारण आवेदन को निरस्त किया जा सकता है।
- जिन उम्मीदवारों के पास बीई/बी टेक, एमबीए, सीए, एलएलबी, एमसीए व इनके समतुल्य एवं आगे की उच्चतर शिक्षा ग्रहण आदि जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यताएँ होंगी, उनके बारे में विचार नहीं किया जाएगा। उच्चतर शिक्षा अथवा उच्चतर शिक्षा ग्रहण जैसी सूचना को छिपाने के कारण नियोजन के लिए चयन/निरस्तीकरण किए जाने के किसी भी चरण पर वह आवेदक अयोग्य माना जाएगा।
- एकाधिक ट्रेड के लिए आवेदकों पर विचार नहीं किया जाएगा व आवेदन पूर्णतया निरस्त हो जाएगा।
- जिन आवेदकों के पास एक वर्ष अथवा उससे अधिक का कार्य-अनुभव होगा, वे आवेदन-योग्य नहीं होंगे।
- उम्मीदवारों को स्वयं को (उम्मीदवार के रूप में) पहले अप्रेन्टिसशिप वेबसाइट (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण/नामांकन संख्या के मिलने पर, उन्हें निम्नानुसार एचपीसीएल अप्रेन्टिसशिप एप्लिकेशन की लिंक https://jobs.hpcl.co.in/Recruit_New/tatlogin.jsp पर आवेदन करना होगा। केवल अप्रेन्टिसशिप वेबसाइट पर पंजीकृत व एचपीसीएल अप्रेन्टिसशिप आवेदन लिंक पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के बारे में ही योग्यता मानदंड को पूरा करने तथा समुचित चयन पद्धति की पूर्णता के उपरांत अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण के लिए विचार किया जाएगा।

## चयन प्रणाली

- जो उम्मीदवार उपरोक्त योग्यता मानदंडों की पूर्ति करते हों, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रबंधन को अधिकार है कि वो सीमित संख्या में आवेदकों को **दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित करे, जो कि लगभग फरवरी/मार्च 2022 के लिए निर्धारित है।**
- उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग संबंधित ट्रेड के लिए आवेदकों को निर्दिष्ट योग्यता के लिए अंकों के प्रतिशत के अनुसार की जाएगी। शॉर्टलिस्ट हुए आवेदकों को दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उपस्थित होना होगा।
- अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण के लिए एचपीसीएल मानदंडों के अनुसार निर्धारित चिकित्सकीय जाँच एवं आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति, पीडब्ल्यूबीडी के चिकित्सा प्रमाण-पत्र व चिकित्सकीय फिटनेस संबंधी सभी दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों के माध्यम से खरा उतरने पर ही अंतिम प्रस्ताव दिया जाएगा।

## एचपीसीएल में अप्रेन्टिसशिप के लिए आवेदन करने की विधि

- सर्वप्रथम अप्रेन्टिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण करवाएँ तथा अप्रेन्टिसशिप पंजीकरण संख्या / उम्मीदवार कोड प्राप्त करें (ऐल्फान्यूमेरिक संख्या ए से प्रारम्भ होने वाली)।

- एक बार जब उम्मीदवार को अप्रेन्टिसशिप पंजीकरण संख्या / उम्मीदवार कोड प्राप्त हो जाए, तो एचपीसीएल अप्रेन्टिसशिप एप्लिक्शन लिंक https://jobs.hpcl.co.in/Recruit_New/tatlogin.jsp – **Sign up for New Registration** पर पंजीकरण करवाएँ।
- अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण के लिए दिए गए मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी का प्रयोग करें।
- एक बार जब उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवा लिया हो, तब एचपीसीएल अप्रेन्टिस टीम से दिए गए ई-मेल आईडी पर उनको लॉगइन एवं पासवर्ड प्राप्त होंगे।
- एचपीसीएल अप्रेन्टिसेस एप्लिक्शन लिंक https://jobs.hpcl.co.in/Recruit_New/tatlogin.jsp से पंजीकृत ई-मेल आडी पर प्राप्त लॉगइन क्रेडेन्शियल्स (ई-मेल आईडी एवं पासवर्ड) द्वारा साइन इन करें।
- जब एक बार उम्मीदवारों ने लॉग इन कर लिया हो,
    - जिन उम्मीदवारों को ट्रेड- सीओपीए , इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक, आईसीटीएसएम, मेकैनिकल फिटर के आवेदन करना है, उन्हे सक्रिया विज्ञापनों के तहत **TRADE APPRENTICE ENGAGEMENT 2021 FOR ITI PASS OUTS** विज्ञापन चुनना है |
    - जिन उम्मीदवारों को ट्रेड- डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के आवेदन करना है, उन्हे सक्रिया विज्ञापनों के तहत **APPRENTICE ENGAGEMENT 2021 FOR DOMESTIC DATA ENTRY OPERATOR** विज्ञापन चुनना है |
- कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवारों को ऊपर से **केवल एक ही आवेदन** भरने की अनुमति है।
- उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि आवेदन पत्र के प्रत्येक भाग में उल्लिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें।
- एक बार जब उम्मीदवारों ने विज्ञापन को चुन लिया हो, तब अप्रेन्टिस पंजीकरण पोर्टल से प्राप्त **अप्रेन्टिस पंजीकरण संख्या / उम्मीदवार का कोड** को भरें।
- विज्ञापन में उल्लिखित ट्रेडों के अनुसार **पद** को ड्रॉपडाउन में से चुनें। उम्मीदवार केवल एक प्रशिक्षण पद के लिए ही आवेदन कर सकते हैं।
- उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में वर्णित **व्यक्तिगत विवरण** भरने होंगे। * चिह्नित फील्ड्स अनिवार्य हैं।
- जब एक बार उम्मीदवारों ने अपने व्यक्तिगत विवरण भर दिए हों, तब on **Validate your details** पर क्लिक करें। किसी भूल के मामले में, कृपया भूल संदेश के अनुसार सही डाटा भरें।
- एक बार सत्यापित हो जाने पर आवेदन पत्र के अगले भाग में बढ़ने के लिए **Save & Next** पर क्लिक करें।
- इसके बाद, उम्मीदवारों को अपने सम्पर्क विवरण भरने होंगे। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने पत्राचार एवं स्थाई पतों को सही तरीके से सम्पर्क फोन नम्बर सहित भरें।
- उम्मीदवारों को ड्रॉपडाउन से **ऐच्छिक प्रशिक्षण राज्य** तथा **तदनुसार ऐच्छिक प्रशिक्षण शहर** चुनना होगा। कृपया उपरोक्त विज्ञापन में वर्णित पार्ट 2 (ए) - प्रावधानित प्रशिक्षण पदों की संख्या से संदर्भ लें।
- 

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

अनिल अगरवाल

- वैलिडेट योर डीटेल्स, सेव एंड नेक्स्ट पर क्लिक करके आवेदन पत्र के अगले भाग – क्वालिफिकेशन डीटेल्स (शैक्षणिक योग्यता विवरण) पर जाएँ -
    1. *निर्धारित ट्रेड एवं वैकल्पिक ट्रेड्स में वर्णित ट्रेडों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से अपनी आईटीआई योग्यता विवरण तथा सीनियर सेकंडरी प्रमाण-पत्र (10वीं कक्षा) के योग्यता विवरणों को भरना होगा।*
    2. *स्किल सर्टिफिकेट होल्डर्स (कौशल प्रमाण-पत्र धारकों) के तहत आवेदकों को अनिवार्य रूप से अपनी योग्यता संबंधी **डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रमाण-पत्र, सीनियर सेकेंडरी प्रमाण-पत्र (10वीं कक्षा) एवं हायर सेकेंडरी प्रमाण-पत्र (12वीं कक्षा) के विवरण** को अनिवार्य रूप से भरना होगा।*
- वैलिडेट योर डीटेल्स, सेव एंड एक्ज़िट पर क्लिक करके आवेदन पत्र के अगले भाग – बैंकिंग विवरण पर जाएँ। उम्मीदवारों को अपने बैंकिंग विवरण सही तरह से भरना चाहिए।
- आवेदन पत्र के अंतिम भाग के तौर पर, उम्मीदवारों को अपना नवीनतम **पासपोर्ट साइज़ का फोटोग्राफ** एवं **हस्ताक्षर** अपलोड करना होगा।
- उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन में भरे गए अपने विवरणों की **प्रीव्यू** के तहत दोबारा जाँच करें तथा किसी भी संशोधन के मामले में, उक्त सेक्शन/बैक पर क्लिक करें व विवरणों को संशोधित करें।
- उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे घोषणा का सावधानीपूर्वक अध्यन करें।
- आवेदन पत्र की अंतिम प्रस्तुति के लिए, घोषणाओं के बॉक्सों को चेक करें तथा फाइनल सबमिट पर क्लिक करें।
- आवेदन की प्रस्तुति के बाद, उम्मीदवारों को ई-मेल द्वारा उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर एचपीसीएल आवेदन संख्या सहित पुष्टिकरण प्राप्त होगा।

## ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण मद

- एचपीसीएल द्वारा अप्रेन्टिसशिप की अवधि की सफलतापूर्वक समाप्ति पर अप्रेन्टिसों को स्थाई/अस्थाई नियोजन देने संबंधी कोई वचन/भरोसा नहीं दिया जाता है।
- गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत करने से अयोग्य घोषित होंगे तथा ऐसी गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत करने के परिणाम के लिए एचपीसीएल उत्तरदायी नहीं होगा। योग्यता प्राचलों, गलत बयानी एवं/अथवा किसी सामग्री तथ्य को दबाने जैसी किसी भी प्रकार की उपरोक्त अनियमितता यदि नियोजन के बाद भी पाई गई, तो उनका प्रशिक्षण बिना कोई सूचना दिए समाप्त किया जा सकता है। नियोजन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के प्रचार किए जाने के कारण उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।
- **अप्रेन्टिस को भारत भर में फैले हुए लोकेशनों में प्रशिक्षण हेतु नियुक्त किया जाएगा। अतएव, केवल वही उम्मीदवार आवेदन करें जो कि भारत भर में कहीं भी नियुक्ति के इच्छुक हों।**
- एचपीसीएल द्वारा उम्मीदवारों को कोई आवासीय सुविधा/यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. ★ MUMBAI

अनिल अग्रवाल

## सामान्य शर्तें

- अप्रेन्टिसों का नियोजन अप्रेन्टिसेस अधिनियम, 1961, अप्रेन्टिसेस संशोधन नियम, 1973 एवं उनके नियमों द्वारा अधिशासित होगा।
- अप्रेन्टिस प्रशिक्षार्थियों का नियोजन प्रत्येक ट्रेड के अनुसार तालिका में वर्णित अवधि के लिए होगा।
- ट्रेड अप्रन्टिस प्रशिक्षार्थी/ कौशल प्रमाण-पत्र धारक के तौर पर चुने गए उम्मीदवारों को मासिक रु.12,000/- (रुपए बारह हजार मात्र) का वजीफा दिया जाएगा।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को निर्धारित फॉर्मैट के आवेदन में अपने अजा/अजजा/अपिव-एनसी एवं पीडब्ल्यूबीडी (वीएच/एचएच/ओएच) के प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। (फॉर्मैटों को हमारी साइट https://www.hindustanpetroleum.com/careers > Downloads > Downloads for Apprentices से डाउनलोड किया जा सकता है)
- उम्मीदवारों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी जाति/समुदाय का नाम एवं उसका उच्चारण ठीक उसी तरह से किया जाए जैसा कि केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाता है (अपिव-एनसी वर्ग की जातियों की भारत सरकार द्वारा अपिव के तौर पर मान्यता-प्राप्त केन्द्रीय सूची http://www.ncbc.nic.in साइट पर उपलब्ध है, अजजा वर्ग की प्रत्येक राज्य सूची www.ncst.nic.in साइट पर उपलब्ध है तथा अजा जातियों के लिए प्रत्येक राज्य की सूची http://www.socialjustice.nic.in साइट पर उपलब्ध है। जाति के नाम में किसी भिन्नता वाले किसी प्रमाण-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, अपिव प्रमाण-पत्र में स्पष्ट रूप से इंगित होना चाहिए कि उक्त उम्मीदवार किसी क्रीमी लेयर का नहीं है, जिसे भारत सरकार द्वारा भारत सरकार के पदों एवं सेवाओं के लिए परिभाषित किया गया हो।
- किसी उम्मीदवार का अपिव का दावा राज्य (अथवा राज्य के भाग) के अनुसार निर्धारित किया जाएगा, जहाँ के उनके पिता मूलत: बाशिंदा हों। जो उम्मीदवार किसी राज्य (अथवा राज्य के भाग) से कहीं और स्थांतरित हुए हों, उन्हें एक अपिव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो कि उन्हें उनके पिता के मूल निवास के राज्य के अपिव प्रमाण-पत्र के आधार पर जारी किया गया हो।
- जो अपिव उम्मीदवार "क्रीमी लेयर" के हैं, वो अपिव-एनसी के उम्मीदवारों के लिए प्रावधानित छूटों के अधिकारी नहीं होंगे तथा ऐसे उम्मीदवारों को अपना वर्ग अनारक्षित (यूआर) बताना होगा।
- यदि अजा/अजजा/अपिव-एनसी/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र हिन्दी/अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में जारी किया गया हो, तो उम्मीदवारों को उसकी स्व-प्रमाणित हिन्दी/अंग्रेजी में अनूदित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।
- यदि कोई व्यक्ति पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण के छूट-प्राप्त मानदंडों का लाभ लेना चाहता हो, तो उसे किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा पीडब्ल्यूबीडी अधिनियम, 2016 के अनुरूप जारी अक्षमता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अंतिम चयन उम्मीदवार की चिह्नित प्रशिक्षण पद के अनुरूप चिकित्सकीय फिटनेस के अनुसार किया जाएगा।

**टिप्पणी : उम्मीदवारों को एचपीसीएल के पास आवेदनों की हार्ड कॉपी "नहीं" प्रस्तुत करनी है। ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन पत्र में भरे गए विवरणों के अनुसार विचार किया जाएगा तथा उसके बाद किसी भी व्यक्तिगत अथवा किसी अन्य विषय में किसी परिवर्तन को माना नहीं जाएगा।**

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. MUMBAI

सुनिल सक्सेना

- उम्मीदवारों से अनुरोध है कि दस्तावेज प्रमाणन हेतु बुलाए जाने पर योग्यता मानदंडों के अनुसार, वे अपने पास मूल दस्तावेज एवं उनकी स्व-प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तैयार रखें।
- सभी पत्राचार उम्मीदवार द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन में दिए गए ई-मेल आईडी/मोबाइल नम्बर के माध्यम से किया जाएगा।
- अधूरे/गलत विवरणों वाले आवेदनों को माना नहीं जाएगा। पंजीकरण/आवेदन में दिए गए ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर कम से कम एक वर्ष तक वैध रहने चाहिए। उम्मीदवारों को उनके नाम पर सृजित समुचित ई-मेल आईडी का प्रयोग करना चाहिए। छद्म/गलत ई-मेल आईडी द्वारा किए गए आवेदन स्वीकृत नहीं होंगे तथा उन पर प्रयोज्य विधि-सम्पन्न कार्रवाई की जा सकती है।
- भेजे गए किसी भी ई-मेल / पत्राचार के नहीं मिलने के लिए एचपीसीएल उत्तरदायी नहीं होगा।
- ऑनलाइन पत्र में दिए गए सभी विवरण को अंतिम माना जाएगा तथा इनमें कोई परिवर्तन मान्य नहीं होगा। वर्ग (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव-एनसी/पीडब्बूबीडी [वीएच/एचएच/ओएच]) में एक बार भरे जाने पर कोई भी परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा तदनुसार कोई छूट नहीं दी जाएगी।
- आवेदनों की संख्यानुसार, एचपीसीएल को अधिकार होगा कि वो न्यूनतम योग्यता के मानदंडों/प्राचलों में वृद्धि करे तथा चयन विधि को संशोधित कर सके।
- एचपीसीएल को अधिकार होगा कि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में वो नियोजन/उम्मीदवारी के लिए कुल अप्रेन्टिसों की संख्या को निर्धारित करे।
- दस्तावेज सत्यापन के लिए बाहर से आने वाले अजा, अजजा एवं पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को सबसे करीबी रूट के द्वितीय वर्ग के रेलवे किराए के भुगतान का प्रावधान है, बशर्ते यात्रा की दूरी 30 किमी से कम नहीं हो (जो उम्मीदवार पत्राचार पते के सबसे नजदीकी दस्तावेज सत्यापन केन्द्र के अलावा कोई अन्य वैकल्पिक केन्द्र चुनते हों, उन्हें यात्रा के किराए का भुगतान नहीं किया जाएगा)। उम्मीदवारों को यात्रा भुगतान पत्र भरना होगा जो कि एचपीसीएल की वेबसाइट (**https://www.hindustanpetroleum.com/careers > Downloads > Downloads for Apprentices**) पर वर्णित है तथा उसे यात्रा के मूल टिकट / यात्रा के प्रमाण सहित प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- प्रबंधन को अधिकार है कि वो बिना कोई कारण बताए दस्तावेज प्रमाणन/चिकित्सा जाँच हेतु बुलाए उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सके।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पहले पूरे विज्ञापन को शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य योग्यता प्राचलों के लिए सावधानीपूर्वक पढ़ें।
- **सभी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है के वे चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के बारे में अद्यतित रहें, जिसके लिए वे एचपीसीएल कॉर्पोरेट पोर्टल एवं अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर जा सकते हैं।**

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. MUMBAI

## सम्पर्क विवरण

- चयन प्रक्रिया/एचपीसीएल लिंक पर आवेदन पत्रों की प्रस्तुति से संबंधित सभी पूछताछ के लिए संबंधित राज्यों की एचपीसीएल अप्रेन्टिस नियोजन टीम से सम्पर्क किया जा सकता है:

| राज्य | ई-मेल आईडी | फोन नम्बर |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | ravikvv@hpcl.in | 0891-2866116 |
| असम | Nagesh.Kanduru@hpcl.in | 033-66095167 |
| चंडीगढ़ | nareshrakheja@hpcl.in | 011-22408210 |
| छत्तीसगढ़ | Nagesh.Kanduru@hpcl.in | 033-66095167 |
| दादरा एवं नागर हवेली | saurabh.sengar@hpcl.in | 079-26484077 |
| दिल्ली | nareshrakheja@hpcl.in | 011-22408210 |
| गुजरात | saurabh.sengar@hpcl.in | 079-26484077 |
| हरियाणा | nareshrakheja@hpcl.in | 011-22408210 |
| जम्मू एवं कश्मीर | nareshrakheja@hpcl.in | 011-22408210 |
| झारखंड | Nagesh.Kanduru@hpcl.in | 033-66095167 |
| कर्नाटक | indupriya.s@hpcl.in | 040-27778547 |
| केरल | koteeswaris@hpcl.in | 044-28882224 |
| मध्य प्रदेश | prabhat.kumar@hpcl.in | 0755-2789814 |
| महाराष्ट्र | apprentices@hpcl.in | 022-23768082 |
| ओडिशा | Nagesh.Kanduru@hpcl.in | 033-66095167 |
| पंजाब | nareshrakheja@hpcl.in | 011-22408210 |
| राजस्थान | saurabh.sengar@hpcl.in | 079-26484077 |
| तमिल नाडु | koteeswaris@hpcl.in | 044-28882224 |
| तेलंगाना | Vishnu.Santhosh@hpcl.in | 040-27778546 |
| उत्तर प्रदेश | hemasingh@hpcl.in | 0522-2723314 |
| पश्चिम बंगाल | Nagesh.Kanduru@hpcl.in | 033-66095167 |

- अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण संबंधी सभी पूछताछ संबंधित राज्य के रीजनल डाइरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एन्टरप्रिनियरशिप (आरएसडीएसई) से की जा सकती है।

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD. MUMBAI